तापमान
अधिकतम 41.8 डिग्री
न्यूनतम 23.5 डिग्री

हरिभूमि
सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 14 मई, 2025

9 सीबीएसई का रिजल्ट घोषित शानदार रहा प्रदर्शन

10 87.34 प्रतिशत रहा रिजल्ट, 10 हजार 244 छात्र पास

अधिकारियों पर विकास कार्यों में अनदेखी का आरोप

जिप की बैठक में एक घंटे हंगामा सभी पार्षदों ने कर दिया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला परिषद की बैठक मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित की गई। बैठक कुछ ही देर चली थी कि विवाद शुरू हो गए, जोकि इतने बढ़ गए कि सभी पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। मुख्य मुद्दा विकास कार्यों की अनदेखी व अधिकारियों का द्वेषपूर्ण रवैया रहा। जिसको लेकर पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप भी लगाए गए। एक घंटे तक बैठक में हंगामा हुआ, जिसके बाद सभी पार्षद बैठक का बहिष्कार कर चले गए। जिला परिषद की बैठक के दौरान हंगामे की शुरूआत जिला पार्षद संजय बड़वासनी के विरोध स्वरूप कुर्सी छोड़कर जमीन पर धरने के रूप में बैठने से हुई थी। उन्होंने कहा कि गांव के विकास कार्य नहीं हो रही।

इसी दौरान जिला पार्षद तकदीर नरवाल, रवि इंदौरा, देवेंद्र कुमार, संत कुमार का आरोप था कि ओपन जिम लगवाने, ट्यूबवेल लगवाने के दौरान कमीशन खाया जा रहा है। निम्न स्तर की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है।

शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस पर हंगामा शुरू हुआ तो 1 घंटे तक होता रहा, जिसके बाद बैठक में उपस्थित सभी पार्षदों ने एकजुट होकर वॉकआउट कर दिया। उनका कहना था कि अधिकारियों का गैरजिम्मेदाराना व्यवहार और पारदर्शिता की कमी के चलते यह कदम उठाना पड़ा। जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत के कारण पार्षदों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कई बार पार्षदों ने निर्माण कार्यों में कमियों को लेकर फोटो और वीडियो अधिकारियों को दिखाईं। उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।



सोनीपत। बैठक के दौरान जमीन पर बैठकर विरोध जताते हुए जिला पार्षद।

पार्षद बोले - अधिकारी बढ़ा रहे भ्रष्टाचार

चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने कहा कि यदि यही स्थिति रही तो जिला परिषद कार्यालय केवल अधिकारियों के अधीन ही चलेगा, जनप्रतिनिधियों की भूमिका समाप्त हो जाएगी। पार्षदों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की ओर से लगातार ठेकेदारों के पक्ष में निर्णय लिए जा रहे हैं, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि विकास कार्यों में भारी शिकायतें मिल रही हैं, परंतु अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय आंख मूंदे हुए हैं।

इन मांगों को लेकर जमीन पर आए पार्षद

जिला पार्षद संजय बड़वासनी अपनी मांगों को लेकर बैठक के दौरान ही जमीन पर धरने के तौर बैठ गए थे। इसमें खिजरपुर जट माजरा गांव में पानी की निकासी, 100 गज के प्लॉटों पर बिजली व पानी की व्यवस्था की मांग प्रमुख थी। उन्होंने कहा कि गांव में पंचायती राज ने करीब 70 लाख रुपये खर्च किए, लेकिन निकासी के लिए कोई प्रबंध नहीं किया जा रहा है। ढाई वर्ष से लगातार निकासी की मांग कर रहे हैं। इस पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभय जांगड़ा ने उपमंडल अभियंता की ड्यूटी लगाई। जिला पार्षद ने गांव थरिया, शहजादपुर में ट्यूबवेल लगवाने की मांग की। अधिकारियों से आश्वासन के मिलने के जिला पार्षद जमीन से उठकर कुर्सी पर बैठे।

SHIVA SHIKSHA SADAN
Dev Nagar, Sonepat-131001 (Haryana)
DISCIPLINE FORGES EXCELLENCE!!
CBSE BOARD RESULT 2025
100% success !
Above 95% 3
Above 90% 9
Above 80% 49
Above 70% 93
Above 60% 161
Class - XII
Harshita Jain 97.2% (Commerce)
96% Mansi Jain Commerce
95.8% Janvi Science
Yakshita 93.6% · Keshav 91.6% · Anshika 91% · Megha Joon 90.6% · Tushar 90.4% · Vansh Gupta 90.2%
3rd in District
Manasvi Bhardwaj 98.2 %
Class - X
Aditi 97.2% · Jigyasa 97% · Tanmay 98.4%
100% success !
Above 95% 13
Above 90% 41
Above 80% 106
Above 70% 167
Above 60% 249
Anika 96.2% · Nitika 96% · Kashish 95.8% · Khushi 95.6% · Shreya 95.6% · Yuvraj 95.6% · Arpita 95.2% · Sagar 95% · Dhairey Jain 95%

HIGHLIGHT RESULTS

	CLASS - XII									CLASS - X				
SUBJECT	IP	ACCOUNTANCY	ECONOMICS	BUSINESS STUDIES	MATHS	ENGLISH	BIOLOGY	CHEMISTRY	PHYSICS	MATHS	SCIENCE	SOCIAL SCIENCE	HINDI	ENGLISH
HIGHEST MARKS	100	100	99	99	97	97	96	95	93	100	100	99	98	97
ACHIEVERS	TANVI, ASHRIKA, KRISH, MEGHA JOON, JANVI, MANSI	KESHAV	MANSI JAIN	HARSHITA JAIN	YAKSHITA	HARSHITA JAIN	NANCY	SIDDHARTH, YAKSHITA, JANVI, PRATEEK MALIK, MEGHA JOON, SHIKHA, PREKSHIT	TANVI	GARIMA, MANASVI, ADITI	ADITI	KHUSHI	VANSHIKA	MANASVI, PIYUSH KUMAR

Heartfelt congratulations to the visionary management, revered Shivacharyas, dedicated parents, and the proud Shivians !!

XII BOARD RESULT
SCHOOL TOPPERS

AASHNA 99% CITY TOPPER

Aditi 98.2%

Hitesh 97%

Pari 94.4%

151 Distinctions

Subject Wise Highest Marks
90% & above : 24

IP - 100 \ Economics - 100 / Geography - 100 / BST - 100 / Commercial Arts - 99 Entrepreneurship - 99 / History - 98 / Accounts - 98 / English - 97 / Chemistry - 97 Maths - 97 / Pol. Science - 96 / Physics - 95 / PHE - 94 / Biology - 93 / Psychology - 90 / CS - 90

100% RESULT

X BOARD RESULT
SCHOOL TOPPERS

71 Distinctions

BHOOMIKA 98%

ADITYA 98%

KAVYA 97%

SAUMIL 96.8%

ANSHIKA 96.8%

KANAN BALA 96.8%

Subject Wise Highest Marks
90% & above : 17

Maths - 100 / AI - 100 / Hindi - 99 / Social Science - 99 / Science - 98 / English - 97

RISHIKUL VIDYAPEETH
SONEPAT HARYANA
CREATING GLOBAL CITIZENS
EXCELLENCE Since 1991

RISHIKUL VIDYAPEETH
CONGRATULATES
Students, Teachers & Parents on Excellent Result In Board Exams 2024-25

ADMISSION OPEN FOR CLASS XI
SESSION 2025-26

RISHIKUL
MULTI-SPORT CENTRE
(OFFERING 16+ WORLD CLASS SPORTS)

Rishikul Vidyapeeth
A Flagship Day / Boarding K-12 School
Devru Road, Sonepat, Haryana 131 001
info@rishikulvidyapeeth.edu.in | www.rishikulvidyapeeth.edu.in
/rishikul | Admission Helpline No. +91 94160 74444 | +91 94164 74444

युग का 'कराटे किडः लीजेंड्स' से होगा डेब्यू

मुंबई। हॉलीवुड फिल्मों 'द लॉयन किंग' और 'मुफासा' में अभिनेता शाहरुख खान के अपने बेटों के साथ मुख्य किरदारों की डबिंग करने के बाद अब अभिनेता अजय देवगन अपने बेटे युग के साथ ऐसा ही कुछ हॉलीवुड की नई फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' में करने जा रहे हैं। इस फिल्म के हिंदी संस्करण में अजय देवगन मिस्टर हान की आवाज बनेंगे जबकि उनके बेटे युग देवगन को ली फॉन्ग की आवाज के रूप में सुना जा सकेगा। ये फिल्म इसी महीने रिलीज हो रही है। हॉलीवुड फिल्मों के डब संस्करणों की भारत में हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में भी खूब लोकप्रियता रही है।

लाइफ Style

सामंथा

मुझमें नहीं थी आगे बढ़ने की हिम्मत

एजेंसी ⏭ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ-साथ अपनी बातों को खुलकर रखने के लिए भी जानी जाती हैं। वो अपने तलाक से लेकर अपने स्वास्थ्य तक पर खुलकर बोलती हैं। अब अभिनत्री ने अपने उन दिनों को याद किया जब कुछ भी उनके पक्ष में नहीं जा रहा था और वो काफी परेशान थीं।

सामंथा ने बताया कि उस समय उन्हें सबसे बुरे ख्याल आते थे। फिर कैसे उन्होंने इस पर काबू पाया और इससे उन्हें क्या सीखने को मिला, इसके बारे में भी उन्होंने बात की। हाल ही में गलाटा प्लस के साथ बातचीत में सामंथा ने अपने परेशान करने वाले दौर का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे याद है कि एक बार मैं वाकई में उस मोड़ पर पहुंच गई थी, जहां मैंने सोचा था कि बस मैं अब और नहीं कर सकती। मेरे मन में सबसे बुरे विचार आए। जाहिर है कि मुझमें आगे बढ़ने और ऐसा करने की हिम्मत नहीं थी। यह एक साल तक कठिन था। ऐसा कुछ भी नहीं था जो काम कर रहा था, कोई जवाब नहीं दिया जा रहा था।' सामंथा ने इन विचारों पर काम न करने और उनसे निपटने के लिए क्या किया और कैसे इनसे पीछा छुटाया, इसको लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने स्पष्ट रूप से हिम्मत नहीं हारी, क्योंकि इन विचारों पर काम करने के लिए आपके पास बहुत हिम्मत होनी चाहिए। इसलिए मैंने सोचा मुझे किसी तरह इस सबसे बचने का तरीका ढूंढना होगा। साथ ही अपने जीवन में और चीजों के बारे में सोचना शुरू करना होगा। अब, जब लोग कहते हैं कि वे कठिन समय से गुजर रहे हैं, तो मैं वास्तव में उन्हें इससे गुजरने के लिए कहती हूं। इससे हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

हॉलीवुड मसाला

'एफ-1' का हिंदी ट्रेलर हुआ रिलीज

लॉस एंजिल्स। निर्देशन जोसेफ कोसिंस्की की बहुप्रतिक्षित हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में ब्रैड पिट के अलावा कई स्टार्स नजर आए। एफ1 एक अमेरिकी स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी एरेन क्रूगर और जोसेफ ने मिलकर लिखी है। इस फिल्म में फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप को दिखाया गया है, जिसे एफआईए के सहयोग से बनाया गया है। फिल्म में ब्रैड पिट, डैमसन इद्रीस, केरी कॉन्डन, टोबियास मेंजीस, किम बोडनिया और जेवियर बार्डेम ने अभिनय किया है।



रॉबर्ट डी नीरो 'पाल्मे डी ओर' से होंगे सम्मानित

लॉस एंजिल्स। दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता रॉबर्ट डी नीरो को 2025 के कान फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। रॉबर्ट डी नीरो को लाइफटाइम अचीवमेंट के तौर पर दिग्गज अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा पाल्मे डी'ओर अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। ये सम्मान कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में ही दिया जाएगा। डी नीरो अब तक दो ऑस्कर समेत कई अवॉर्ड्स को पहले ही अपने नाम कर चुके हैं। लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा डी नीरो को ये सम्मान मिलना और भी खास है। क्योंकि, दोनों एकसाथ काम भी कर चुके हैं। डिकैप्रियो और डी नीरो ने पहली बार 1993 में आई फिल्म 'दिस बॉयज लाइफ' में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' में फिर एक साथ नजर आए थे। जिसे 2023 के कान्स में आधिकारिक चयन में दिखाया गया था।

शादी, धोखा, इंटीमेट से भरपूर थ्रिलर फिल्म

नई दिल्ली। मलयालम फिल्मों का तेलुगु दर्शकों के बीच एक खास आकर्षण होता है। स्टार हीरो न होने के बावजूद मजबूत कहानी वाली फिल्में तेलुगु में अच्छी प्रतिक्रिया पा रही हैं। हाल ही में थ्रिलर, हॉरर, रोमांटिक ड्रामा जॉनर की मलयालम फिल्में ओटीटी पर तहलमका मचा रही हैं। ऐसी ही एक नई मूवी है जिसका नाम है 'चतुरम'। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म साइना प्ले पर मौजूद है। इस फिल्म का तेलुगु डब टाइटल भी 'चतुरम' है। यह फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी, जिसे खूब पसंद किया गया और आज भी एंटरटेनमेंट के लिए यह दर्शकों की अच्छी चॉइस बन रही है। बोल्ड रोमांटिक सस्पेंस थ्रिलर जॉनर में बनी इस फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ भारतन ने किया है। स्वासिका, रोशन मैथ्यू और अलेंसियर ले लोपेज जैसे सितरे अहम किरदारों में नजर आते हैं।

आमिर- राजकुमार फिर मचाएंगे धमाल

मुंबई। '3 इडियट्स' और 'पीके' के बाद आमिर खान और राजकुमार हिरानी की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाने की तैयारी में है। 'पीके' 11 साल पहले आई थी, और अब यह सुपरहिट जोड़ी एक नई फिल्म में साथ नजर आ सकती है। दोनों के बीच एक फिल्म के लिए बात चल रही है। '3 इडियट्स' साल 2009 में आई थी, और यह ब्लॉकबस्टर रही थी और कई रिकॉर्ड बनाए गए थे। और फिर इसके पांच साल बाद यह जोड़ी 'पीके' के रूप में एक और सुपरहिट लेकर आई थी। तभी से फैंस आमिर खान और हिरानी की अगली फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और अब इस पर बात बनती नजर आ रही है। राजकुमार हिरानी फिल्म के लिए 3 विचारों पर काम कर रहे थे, और उन्होंने एक सब्जेक्ट फाइनल कर लिया है। हिरानी ने इसके बारे में आमिर खान से चर्चा की।

टीवी मसाला

बिग बॉस 19 और खतरों के खिलाड़ी पर संकट के बादल

नई दिल्ली। टीवी के दो बड़े और पॉपुलर शोज बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी के फैंस के लिए एक निराश करने वाली खबर सामने आ रही है। विवादास्पद रिएलिटी शो 'बिग बॉस'और एडवेंचर शो 'खतरों के खिलाड़ी'इस साल शायद ही ऑन-एयर हो पाए। यानी जिन शोज का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं, उनके नए सीजन को लेकर अब अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'बिग बॉस'और 'खतरों के खिलाड़ी'के प्रोड्यूसर 'बानी जे एशिया'ने खुद को कलर्स चैनल से अलग कर लिया है। पिछले काफी समय से चैनल और प्रोड्यूसर के बीच मतभेद की खबरें लगातार सामने आ रही थीं और अब रिपोर्ट्स की मानें तो प्रोड्यूसर ने चैनल से मुंह फेर लिया है। यानी इस साल बिग बॉस और रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बता दें दोनों ही रियलिटी शोज कलर्स चैनल पर हर साल एक तय समय पर प्रसारण होते थे, लेकिन अब यह परंपरा टूट सकती है। इस पूरे विवाद पर अभी तक चैनल या प्रोडक्शन हाउस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि हालिया महीनों में क्रिएटिव मतभेद और बजट को लेकर खींचतान इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों ने अलग होने का फैसला कर लिया। फैंस के लिए यह खबर निश्चित ही किसी झटके से कम नहीं है।

टीवी के महादेव को ऐसे मिली थीं उनकी पार्वती

नई दिल्ली। टीवी के पॉपुलर एक्टर मोहित रैना 'देवों के देवः महादेव' से छोटे पर्दे पर छा गये थे। इस सीरियल में वह मत्स्य वाले महादेव की भूमिका में नजर आए थे। इस शो के बाद उनके फैंस को उनमें महादेव की छवि नजर आने लगी थीं। मोहित ने साल 2004 में टीवी शो अंतरिक्ष से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वह बंदिनी सीरियल में भी नजर आए थे, लेकिन देवों के देव महादेव उनका सबसे पॉपुलर टीवी शो है। यह शो तीन साल तक चला था. मोहित रैना की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने अदिति शर्मा से शादी रचाई थी. आइए जानते हैं महादेव मोहित को कैसे मिली उनकी 'पार्वती'? मोहित की अदिति शर्मा से मुलाकात दोस्तों के जरिए हुई थी। अदिति नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से हैं. दोस्तों के बीच मिलने के बाद दोनों ने एक-दूजे को ज्यादा समय देना शुरू कर दिया. अच्छे दोस्त बनने के बाद दोनों के अंदर एक-दूजे के लिए फीलिंग जगने लगी। मोहित ने दोस्ती के रिश्ते को प्यार में बदलने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। एक इंटरव्यू में मोहित ने बताया था, मैं दोस्तों के बीच उनसे मिला था, मैं हमेशा से कहता हूं, 'जो चाहो देखो, जो चाहो पाओ'।

भारत की पहली हॉरर मूवी 76 साल पहले हुई थी रिलीज

नई दिल्ली। सिनेमा की दुनिया में हॉरर का अपना ही एक रसूख है। हॉरर फिल्में डराती भी हैं और ये खूब पसंद भी की जाती हैं। लेकिन आप भारत की पहली हॉरर फिल्म का नाम जानते हैं? अगर नहीं तो हम आपको बताते हैं। भारत में हॉरर फिल्मों की शुरुआत 1949 में रिलीज हुई 'महल' फिल्म से मानी जाती है। कमल अमरोही निर्देशित यह फिल्म ना सिर्फ अपने समय की सुपरहिट फिल्म थी, बल्कि इसने भारतीय दर्शकों को रहस्य और भूत-प्रेत की कहानियों से रूबरू भी कराया था। 'महल' को बॉम्बे टॉकीज ने प्रोड्यूस किया था, और यह अपने समय की सबसे महंगी फिल्मों में से एक थी।

फिल्म का बजट : 'महल' का निर्माण उस समय के हिसाब से बड़े पैमाने पर किया गया था। बताया जाता है कि उस समय फिल्म पर लगभग 12 लाख रुपए (आज के हिसाब से 12-14 करोड़ रुपए) का खर्च आया था. जो 1940 के दशक के लिए एक बड़ी रकम थी। फिल्म का भव्य सेट, शानदार सिनेमैटोग्राफी और मधुबाला जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी ने इसे एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बनाया। कमल अमरोही ने कहानी को रहस्यमय और मनोवैज्ञानिक थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत किया, ये जॉनर उस समय भारतीय सिनेमा में नया था।

बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

'महल' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म ने भारत में लगभग 25 लाख रुपए (आज के हिसाब से 200 करोड़ रुपए) की कमाई की, जो उस समय के लिए एक रिकॉर्ड था। दर्शकों ने मधुबाला और अशोक कुमार की जोड़ी को खूब सराहा, और फिल्म के गाने, जैसे आएगा आनेवाला, आज भी क्लासिक माने जाते हैं। इसकी सफलता ने हॉरर और सस्पेंस को भारतीय सिनेमा में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई।

कश्मीर पर आधारित फिल्में, जिन्होंने हसीन वादियों के साथ दिखाया खून का मंजर...

नई दिल्ली। पहलगाम हमले के कुछ दिनों बाद, भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर का संघर्ष चल रहा है। कश्मीर पर बनीं कुछ फिल्मों और टीवी सीरीज में भी कश्मीर की हसीन वादियों से लेकर खून तक का मंजर दिखाया गया है। फिल्म रोजा' में हसीन वादियां दिखाई गईं, तो वहीं द कश्मीर फाइल्स में वहां की वास्तविकता से पर्दा उठाया गया।

'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक'

विक्की कौशल अभिनत फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' 2016 के उरी हमले

और उसके बाद भारत की सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है। 'हाउज द जोश? हाई सर" डायलॉग के साथ इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीता। इसे आप जी5 और डिजनी + डॉटस्टार पर देख सकते हैं। इस फिल्म में उरी में हुई वास्तविक घटनाओं को पेश किया किया।

रोजा

'रोजा' 1992 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन मणिरत्नम ने किया है। फिल्म में अरविंद स्वामी और मधु ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी की तरह ही फिल्म का संगीत लोगों के दिलों को छू गया। फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया। मणिरत्नम की यह फिल्म एक प्रेम कहानी है, जो कश्मीर के तनावपूर्ण माहौल में पनपती है।

द कश्मीर फाइल्स

कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स'। भले ही इस फिल्म को विवादास्पद करार दिया गया हो, लेकिन 'द कश्मीर फाइल्स' ने कई घटनाओं से पर्दा उठाया है। इस फिल्म में अनुपम खेर के अभिनय की जमकर तारीफ हुई। इसे आप जी5 पर देख सकते हैं।

हैदर

जम्मू-कश्मीर की एक और दमदार कहानी शाहिद कपूर की हैदर के रूप में सामने आई है। शाहिद कपूर अभिनीत फिल्म 'हैदर' शेक्सपियर के 'हेमलेट' से प्रेरित है। यह कश्मीर की राजनीति और एक बेटे की अपने पिता के गायब होने के पीछे के रहस्यों की खोज की कहानी है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

78वां कान फिल्म फेस्टिवल का हुआ आगाज, 24 मई तक चलेगा यह इवेंट

आलिया करेंगी डेब्यू; ऐश्वर्या से लेकर करण जौहर तक आएंगे नजर

पेरिस। मंगलवार 13 मई 2025 से कान फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हो चुकी है, यह इवेंट 24 मई तक चलेगा। 78वां कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म जगत के भी कई चर्चित चेहरे अलग-अलग श्रेणियों में फिल्म फेस्टिवल में रौनक बिखरेंगे।

आलिया का कान में डेब्यू

78वें कान में आलिया भट्ट, ऐश्वर्या राय बच्चन और फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया सहित कई चर्चित भारतीय फिल्म हस्तियां अलग-अलग श्रेणियों में भाग लेंगी। यूं तो इस फिल्म फेस्टिवल में सबकी निगाहें ऐश्वर्या राय पर रहती हैं। वे करीब 20 साल से भी अधिक समय से इस फेस्टिवल में हिस्सा लेती आ रही हैं। मगर, इस बार आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। आलिया भट्ट इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं। वे कान के रेड कार्पेट पर लोरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर नजर आएंगी। इनके अलाव जैकलीन फर्नांडिस और उर्वशी रौतेला के भी शामिल होनी की खबर है।

शर्मिला टैगोर भी लेंगी हिस्सा

अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल सत्यजीत रे की 1970 की क्लासिक फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि' के रिस्टोर वर्जन की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल होंगी। वहीं, अनुपम खेर निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' कान फिल्म बाजार में प्रदर्शित की जाएगी। ऐसे में अनुपम भी फेस्टिवल में हिस्सा ले सकते हैं।

जूरी सदस्यों में शामिल पायल कपाड़िया : इस बार यह भारतीय सिनेमा के लिए कान में गर्व का पल है। दरअसल, पिछले साल की ग्रैंड प्रिक्स विजेता फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' की निर्देशक पायल कपाड़िया इस बार कान फेस्टिवल में जूरी सदस्यों में शामिल हैं।

कान में पहली बार दिखाई गई यह भारतीय फिल्म : 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। फिल्म 'नीचा नगर' ने पहली बार अपनी उपस्तिथि कान में दर्ज कराई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। बता दें कि ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है।

सिमी ग्रेवाल ने अपने कान रेड कार्पेट लुक की दिखाई झलक : निर्देशक सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि(1970)' के रीस्टोर वर्जन की स्क्रीनिंग कान फिल्म फेस्टिवल में होने वाली है।

नीरज घेवन की 'होमबाउंड' की कास्ट

इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में नीरज घेवन की फिल्म 'होमबाउंड' का भी चयन हुआ है। फेस्टिवल में फिल्म की कास्ट मौजूद रहेगी। निर्माता करण जौहर

भी शामिल होंगे। इनके अलावा दोनों मुख्य कलाकार जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर भी नजर आएंगे। इस फिल्म का प्रीमियर अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन के तहत होगा।

इंफ्लुएंसर पारुल गुलाटी भी होंगी शामिल

नितांशी गोयल के अलावा कान फिल्म फेस्टिवल में इंफ्लुएंसर, एक्ट्रेस और बिजनेस वूमेन पारुल गुलाटी भी शामिल होंगी, उनका भी इस फिल्म फेस्टिवल में यह डेब्यू है। पारुल गुलाटी 15 से 18 मई तक रेड कार्पेट पर नजर आएंगी। पारुल गुलाटी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फ्रांस से कुछ तस्वीरें भी हैं। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'दिसंबर 2021 में मैं फ्रांस में वेब सीरीज 'मेड इन हेवन' की शूटिंग कर रही थी और मेरे पास शूटिंग से एक दिन की छुट्टी थी। मुझे पता चला कि कान फिल्म फेस्टिवल वाली जगह बस एक घंटे की दूरी पर है। मैं एक बस में चढ़ गई और वहां पहुंच गई। दुख की बात है कि उस दिन वहां बैरिकेड्स लगे हुए थे और मैं रेड कार्पेट या कान थिएटर की सीढ़ियों पर कदम नहीं रख सकी।

खबर संक्षेप

महक कक्षा बारहवीं व अंशित दसवीं में प्रथम

सोनीपत। श्रीजी इंटरनेशनल विद्यालय विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं में महक ने 94% व दसवीं में अंशित ने 98% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने छात्रों को निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन दिया।

गुरुकुल मटिंडू का 10वीं 12वीं का परिणाम शानदार

खरखौदा। गुरुकुल मटिंडू के 12वीं और 10 वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहे। 12 वीं में दिशा ने 95.4% अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिशा गांव थाना कलां की रहने वाली है। हर्ष ने 92% अंक लेकर दूसरा स्थान पाया। वह गांव समचाना से है। नितिन ने 91.6% अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। वह होस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा है। 10 वीं कक्षा में यश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर्ष दूसरे स्थान पर रहे। तीसरे स्थान पर लक्षिता रही। सीबीएसई का वार्षिक परिणाम भी 100% रहा। प्राचार्या ज्योति मलिक ने सभी छात्रों और अभिभावकों को बधाई दी।

12वीं की परीक्षा में ग्लोबल स्कूल के मेधावी छाए

गोहाना। खानपुर कलां गांव स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। मेधावियों को एमडी पंकज जाले और प्राचार्या प्रीति शर्मा ने पुरस्कृत किया। परीक्षा में आर्यन ने 95.8 प्रतिशत, अंशिका ने 95.6 प्रतिशत, ईशान ने 94.2 प्रतिशत, साक्षी ने 91.8 %, विवेक ने 91.4 %,, आयुष ने 90.2 %,, बादल ने 89.4 %,, अंशिका ने 89.2 %, नितिन ने 88.8 %,, जतिन ने 88.6 %,, तनीषा ने 88.2 %, प्राप्त किए।

शेर सिंह स्कूल के 33 छात्रों ने मेरिट पाई

गोहाना। सीबीएसई द्वारा मंगलवार को घोषित कक्षा 12वीं की परीक्षा में शहर में गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल के चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक और प्राचार्य कुलदीप देशवाल ने अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एमडी स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा

गन्नौर। भिवानी शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सरढाणा गांव के एम.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य जोगेन्द्र मलिक ने बताया कि स्कूल के कुल 42 में से 21 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण रहे। कोमल 482/500 (96.4) अंक लेकर प्रथम, स्नेहा ने 481/500 (96.2) द्वितीय स्थान, प्रिया पुत्री राजेंद्र 472/500(94.4) तृतीय , संगीता पुत्री राजेश 462/500 (92.4)चतुर्थ स्थान, वंश पुत्र रिंकू 460/500(92.2) अंक लेकर पांचवा स्थान प्राप्त किया।

जीडी गोयनका स्कूल का परिणाम रहा शानदार

राई। खेवड़ा स्थित जी डी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल सीबीएसई का 12वीं और 10वीं का परीक्षा परिणाम छात्र प्रतिशत रहा। स्कूल के 12वीं और दसवीं कक्षा का परिणाम एक बार फिर से शत-प्रतिशत रहा है। कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय से वंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कॉमर्स में चैनल प्रथम स्थान प्राप्त किया और कला संकाय में आफरीन अब्दुल्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

अर्पिता ने 95% अंक लेकर किया स्कूल टॉप

गोहान। सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में जेकेआर पब्लिक स्कूल की छात्रा अर्पिता ने कला संकाय में 95 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल को टॉप किया। आदित्य व प्रीति क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। बोर्ड की वार्षिकम परीक्षा में स्कूल के 35 विद्यार्थियों में से 16 ने मेरिट प्राप्त की। अर्पिता ने भूगोल और राजनीति विज्ञान विषय में 97, रसायन विज्ञान में 98 व जीव विज्ञान में 95 अंक प्राप्त किए।

सीबीएसई का रिजल्ट : विद्यालयों में छाई खुशी, विद्यार्थियों में उमंग

निजी स्कूलों में रही गहमा गहमी, टॉपर्स ने बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत देवडू रोड का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बारहवीं कक्षा में इस वर्ष कुल 178 छात्रों ने परीक्षा दी थी। विद्यालय के निदेशक धीरज शर्मा ने बताया कि 12वीं में कला संकाय की आशना ने 99 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम, कॉमर्स संकाय से अदिति ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय रही। वहीं इस वर्ष दसवीं कक्षा के कुल 156 छात्रों ने परीक्षा दी। जिसमें से भूमिका तथा आदित्य ने 98% अंकों के साथ प्रथम तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा, प्रधानाचार्य उमेश शर्मा और उप प्रधानाचार्या कृति चौधरी ने छात्रों को सम्मानित किया।

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल : अनन्या बनी टॉपर:ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सुधीर जैन ने बताया कि दसवीं में अनन्या ने 90.4, छात्र सक्षम 90.2, सुजल 89.8 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहा। वहीं बारहवीं विज्ञान संकाय में नीलांजना, कोमल, तन्नू, आर्यन शर्मा, एकेंद्र, वैभव भारद्वाज, अर्पिता आदि छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक हासिल किए, हालांकि कॉमर्स संकाय में प्रतिभा, विनीता दहिया व तनीषा स्कूल में पहले तीन स्थानों पर रहे।

सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थी खुशी का इजहार करते हुए।

सोनीपत। टॉपर छात्रा के साथ विद्यालय के चेयरमैन एवं अन्य।

10वीं में महिमा 12वीं में महिमा टॉपर

सीबीएसई के 12 वीं व 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी के छात्रों ने बेहतरीन परीक्षा परिणाम प्राप्त किया। कक्षा 10 में महिमा सिंह चौहान ने 98.8% अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान तथा कक्षा 12 में महिमा ने 96.6% अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय अध्यक्ष नीरज शर्मा, निदेशिका रीमा शर्मा, प्राचार्या चंचल एवं विद्यालय के सभी अध्यापकों ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए ऐसे ही जीवन में आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दी।

सोनीपत। साउथ पॉइंट स्कूल में खुशी से झूमते विद्यार्थी।

सना ने 10वीं तो तान्या ने 12वीं में टॉप किया

इंडियन मॉडर्न स्कूल की कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 10वीं कक्षा की सना ने 97.8 % अंक लेकर विद्यालय में टॉप किया। वहीं लावन्या 95.6 % अंक लेकर द्वितीय व सुजल 94 % अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में कुल छात्र 126 मैरिट 49 और 92 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। कक्षा बारहवीं की तान्या ने 96.2% अंक लेकर प्रथम, दीपिका ने 94.4 % अंकों के साथ द्वितीय, अंशु ने 94.2 % अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह गाहल्याण ने विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम की प्रशंसा की।

सोनीपत। दिल्ली विद्यापीठ में खुशी मनाते विद्यार्थी।

12वीं में खुशी 10वीं में संजना प्रथम

गेटवे स्कूल में कला संकाय की छात्रा खुशी शर्मा 97.20 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम रही। सानवी पालीवाल 95.40 प्रतिशत के साथ द्वितीय और वाणिज्य संकाय से सिया पालीवाल 95.20 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। वहीं दसवीं कक्षा के परिणामों में छात्रा संजना 96.50 प्रतिशत के साथ प्रथम, छात्र पुलकित शर्मा 96.20 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं छात्रा आशिता 95.30 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। स्कूल के निदेशक राहुल मंगला व प्राचार्य प्रेम कुमार ओझा ने सभी श्रेष्ठ और सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर निरंतर बढ़ने की शुभकामनाएं दी।

तनीषा ने प्राप्त किए 97 प्रतिशत अंक

साउथ पॉइंट स्कूल में 12वीं की तनीषा ने साइंस स्ट्रीम में 97 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में टॉप किया, जबकि कॉमर्स स्ट्रीम में हिमानी ने 95.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और आर्ट स्ट्रीम में दीया ने 95 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने शानदार परीक्षा परिणाम आने पर खुशी जाहिर की और विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि साउथ पॉइंट स्कूल में 12वीं कक्षा में कुल 190 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी।

सोनीपत। इंडियन मॉडर्न स्कूल में खुशी का इजहार करते विद्यार्थी।

10वीं में अन्नू रही टॉपर

दिल्ली विद्यापीठ में 12वीं और 10 वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 12वीं में अधिकतम विद्यार्थियो ने 90% से अधिक अंक प्राप्त करके सफलता का परचम लहराया। वहीं दसवीं कक्षा में अन्नू (96%), **Tiksha** (95%), निखिल (94%) प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक वीर सिंह ने सभी बच्चों को उनकी कामयाबी पर बधाई दी। प्रधानाचार्या आराधना ग्रोवर ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाई।

सोनीपत। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के 12वीं कक्षा के टॉपर।

सोनीपत। लिटल एंजल्स स्कूल में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी।

12वीं में आस्मी के 98.4 प्रतिशत अंक

ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं में आस्मी 98.4% अंकों के साथ टॉप किया है। वहीं इशिका ने 96.8% द्वितीय और जया मनोचा 96% तृतीय रहे। कक्षा दसवीं में अग्रिम व आरुष ने 95.60 अंक प्राप्त कर विद्यालय में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, वैभव व राजन 95 प्रतिशत द्वितीय, शिवा, विदित व जनक 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। प्रिंसिपल डॉ. किरण दलाल ने सभी छात्रों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई दी। स्कूल निदेशक समीक्षा पंवार ने भी छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया।

सोनीपत। जानकीदास कपूर पब्लिक स्कूल के 12वीं के टॉपर।

ब्रह्मशक्ति स्कूल का परिणाम सराहनीय

खरखौदा। थाना कलां गांव में स्थित ब्रह्म शक्ति सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सीबीएसई बोर्ड 12 वीं कक्षा का परिणाम शानदार रहा। जिसमें मेघा सुपुत्री जोगिंदर 87.2% अंक प्राप्त किए, प्रिया सुपुत्री मनोज कुमार ने 85.8% अंक, निशा सुपुत्री विजेंद्र 85.8% अंक प्राप्त किए, निशु पुत्री सुनील कुमार ने 83.4% अंक, इसके अतिरिक्त 10 छात्रों की मेरिट व सभी छात्र प्रथम श्रेणी में पास हुए। प्राचार्य रामबीर सिंह ने बताया कि दसवीं कक्षा परिणाम भी सराहनीय रहा। जिसमें रितिका सुपुत्री जय कंवार 91.6%, हिमांशु सुपुत्र जयदीप 84.8%, कोमल सुपुत्री राजपाल मलिक 83% , इसके अतिरिक्त तीन मेरिट 19 फर्स्ट डिवीजन व सभी छात्र पास हुए।

12वीं में भूमि और 10वीं में श्रेया रहीं अव्वल

लिटल एंजल्स स्कूल में कॉमर्स संकाय की भूमि ने 97.4% अंक लेकर कक्षा बारहवीं की सी.बी.एस.ई. परीक्षा में विद्यालय में टॉप किया। आर्ट्स संकाय में अनन्या ने 96.6% अंक, नॉन-मेडिकल संकाय में यतिन सलूजा ने 95.4% अंक व मेडिकल संकाय में वंशिका सपरा ने 91.4% अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 13 बच्चों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं 10वीं कक्षा में श्रेया रावल ने 98.8%अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल चेयरमैन तरसेम गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग, प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा व सीनियर कोर्डिनेटर संगीता सेठी ने भी सभी बच्चों व अभिभावकों को बधाई दी।

सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर स्कूल में खुशी जाहिर करते विद्यार्थी साथ में प्राचार्या।

10वीं में मुदित और प्रज्ञान के 99 प्रतिशत अंक

जानकीदास कपूर पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा में 98 प्रतिशत अंकों के साथ कला संकाय की रिद्धिमा प्रथम, श्रेया हुड्डा 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, अविका मदान 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय रहे। स्कूल के 11 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। प्राचार्या डॉ. गीतंजलि ग्रोवर ने बताया कि 10वीं में विद्यालय के मुदित जैन और प्रज्ञान सनन ने विद्यालय के साथ साथ जिला स्तर पर भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दोनों विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। विद्यालय का औसत अंक प्रतिशत 87.09% रहा। इस वर्ष कुल 162 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 85 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

स्नेहा ने 12वीं तो तनीषा ने 10वीं में टॉप किया

हैप्पी चाइल्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 12वीं कक्षा में विज्ञान संकाय की स्नेहा 95.8% प्रथम, कला संकाय की प्रीति 92.8 द्वितीय व मुस्कान 92.6% तृतीय रही। दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी शानदार रहा। दसवीं कक्षा में तनीषा 95.8 प्रतिशत, कनिका 95.2%, नैंसी 92.6 % अंकों के साथ विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रही। विद्यालय के अध्यक्ष नरेंद्र बाल्यान, प्राचार्या सुदेश बाल्यान व निर्देशिका तमन्ना निझावन ने इस परिणाम का श्रेय अध्यापकों की कड़ी मेहनत और विद्यार्थियों की लगन व परिश्रम को दिया।

गोहाना। शिक्षकों के साथ खुशी मनाते हुए विद्यार्थी।

पवनी ने 10वीं तो सुप्रिया ने 12वीं की टॉप

द वैदिक एरा प्रोग्रेसिव स्कूल में परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में टॉपर पवनी रही, जिसने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं दक्ष गौरी ने 95.6 प्रतिशत, हरमन गांधी ने 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान बनाया। 12वीं में नॉन-मेडिकल स्ट्रीम में सुप्रिया ने 91.6 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स स्ट्रीम के नमन ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा तो नॉन मेडिकल का दीपांशु रंजन 90.4% तृतीय रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इन परिणामों पर सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

सोनीपत। शिवा शिक्षा सदन के 10 वीं कक्षा के टॉपर।

एस-7 : 10वीं में इशा रही टॉपर, 12वीं में हर्षित

सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (एस-7) में 10वीं में इशा ने 97.1 % अंकों के साथ टॉप किया। मयंक 94 .4 % द्वितीय तो वर्षा ने 93.8% तृतीय रही। कुल छात्रों में से 47 छात्रों ने मैरिट में स्थान प्राप्त किया। वहीं 12वीं में हर्षित ने 91.4 % अंक प्राप्त कर प्रथम, कृतिका ने 90.4% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा तनिशा ने 87.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय मैनेजर सुखप्रिय शास्त्री, निर्देशक दीपक, प्राचार्य डॉ. अंकुर रोहिल्ला, मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

कथूरा खंड में शानदार प्रदर्शन

गोहाना। 12वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में गांव मदीना में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों ने शैक्षणिक खंड कथूरा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल ने अपने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। समारोह के लिए मार्गदर्शन स्कूल के एमडी विकास मलिक का रहा। अध्यक्षता प्राचार्या पूजा राणा ने की। परीक्षा में स्कूल के 40 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। परीक्षा में भावना पुत्री अशोक कुमार ने 94.4 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भावना और प्रियांशी ने अंग्रेजी विषय में 100 में से 99 अंक प्राप्त किए।

सोनीपत। वैदिक एरा स्कूल के 10वीं के टॉपर।

12वीं में हर्षिता तो 10वीं में मनस्वी टॉपर

शिवा शिक्षा सदन में 12वीं कक्षा में कॉमर्स संकाय की हर्षिता जैन ने 97.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। मानसी जैन ने 96% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि विज्ञान संकाय की जानवी ने 95.8% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10वीं में मनस्वी ने 98.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, अदिति ने 97.2% के साथ द्वितीय और जिज्ञासा ने 97% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार बंसल ने इस उपलब्धि के लिए समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।

प्रांजलि ने किया ब्लॉक में टॉप

खरखौदा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की तरफ से मंगलवार को दसवीं व बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। खांडा रोड स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ के बारहवीं कक्षा में 147 विद्यार्थी थे, सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए। जिनमें से 30 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए गए। विज्ञान संकाय की छात्रा प्रांजलि (97.4%) ने अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दसवीं कक्षा में 125 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, सभी अच्छे अंको से उत्तीर्ण हुए। जिनमें से 15 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए गए। अनुराधा (96.2%) ने अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुष्का ने 96% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा योगेश ने 92.4% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्या उषा वत्स ने प्राथमिक प्रभारी रीतु, सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।

स्कूल में 483 अंकों के साथ हर्ष अव्वल

सोनीपत। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबंध रामजस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के कुल 157 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 56 ने मैरिट सूची में स्थान बनाया है, बाकि सभी विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल में हर्ष ने 483 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं वाणिज्य संकाय से शीतल ने 479 अंक लेकर द्वितीय और कृष्णा ने 460 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल संचालक रोशनी देवी, प्राचार्य ललित कौशिक, सीईओ हर्ष अहलावत, कॉलेज प्राचार्या मीनू, मोनिका अहलावत, विजयलक्ष्मी, परमदीप त्यागी, रविंद्र आदि मौजूद रहे।

12वीं में शिवांशी और 10वीं में रक्षित टॉपर

खरखौदा। प्रताप स्कूल में बारहवीं कक्षा के 88 विद्यार्थियों ने मैरिट प्राप्त की है। कक्षा बारहवीं में शिवांशी ने कला संकाय में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करते विद्यालय में प्रथम, लक्ष्य ने वाणिज्य संकाय में 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए दूसरा व ईशा ने विज्ञान संकाय में 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। कक्षा दसवीं में रक्षित ने 96.2 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में पहला, रमित ने 96 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा, तानी ने 94.6 प्रतिशत अंक सहित तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं में 11 विद्यार्थियों ने व कक्षा दसवीं से 17 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। प्राचार्या दया दहिया व एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

बेटी ने राई का नाम रोशन किया

राई। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं परीक्षा 2025 में भैरा-बांकीपुर गांव की बेटी करीना द्वारा कॉमर्स संकाय में 495 अंकों के साथ प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल करने पर हनी मार्डन स्कूल बहालगढ़ के निदेशक एवं भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल, प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों, ओम शांति स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज, शमशेर सेवली, इन्द्र चौहान, सरपंच जयराम शमा आदि ने मेधावी छात्रा के घर पहुंचकी खुशी व्यक्त करते हुए बेटी करीना का मुंह मीठा करवाया और आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल ने कहा कि हमें बेटी पर गर्व है कि करीना ने राई हलके का नाम पूरे प्रदेश में रौशन किया है। उन्हें बेटी की उपलब्धि पर गर्व है।

गीता विद्या मंदिर के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

गोहाना। गीता विद्या मंदिर गोहाना के विद्यार्थियों ने 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं की परीक्षा में कुल 127 विद्यार्थियों ममें से 49 ने मेरिट प्राप्त की। विज्ञान संकाय में अंशिका 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, रिया 94.8 अंकों के साथ द्वितीय एवं छाया 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। वाणिज्य संकाय में रितिका 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम व पूर्वा 94 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और उमा ने 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पाया।

बेहतर परिणाम आने पर खुशी मनाते स्वामी चेतना स्कूल की छात्राएं।

प्रयास इंटरनेशनल स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

गन्नौर। सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं और बारहवीं कक्षा के परिणाम में प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय में 96 % अंक के साथ सारिका, वाणिज्य संकाय में 95.4 प्रतिशत अंक के साथ कनिष्का व कला संकाय में 91 प्रतिशत के साथ अनिध्या बजाज प्रथम स्थान पर रहे। वहीं कक्षा 10वीं में 97 प्रतिशत अंक लेकर आराध्या प्रथम, 95 प्रतिशत अंक लेकर अविका द्वितीय और 94 प्रतिशत अंक लेकर मीत व खुशी तृतीय रहे।

स्कूल के होनहार छात्रों को सम्मानित करते प्रबंध निदेशक डा. सुनीरा जैन।

गन्नौर। स्कूल के होनहार छात्रों के साथ चेयरमैन राकेश यादव व स्टाफ।

विजय ने 97.6 % अंक लेकर किया स्कूल टॉप

गोहाना। सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में ओम पब्लिक स्कूल, गोहाना के विज्ञान संकाय के छात्र विजय कुमार ने 97.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉप किया। कला संकाय में टिंकी ने 96.2 प्रतिशत और वाणिज्य संकाय में कौशल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। स्कूल की एमडी निर्मल लाठर, प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा व उप प्राचार्या रेखा बजाज ने मेधावियों को अपना आशीर्वाद दिया। प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा के अनुसार परीक्षा में छह विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 29 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 54 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक और 104 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

स्नेह 462 अंक के साथ स्कूल में अव्वल रही

गन्नौर। टेहा स्थित स्वामी चेतना स्कूल का हरियाणा बोर्ड द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक हासिल कर स्कूल व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। प्राचार्य डिंपल शर्मा ने बताया कि बारहवीं कक्षा में स्नेह ने 500 में से 462 अंक लेकर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया, जबकि कुमारी रानी ने 453 अंक लेकर दूसरा, निधि ने 450 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। 41 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। स्कूल प्रबंधक राजकुमार शर्मा व उप प्राचार्या संयोगिता शर्मा ने छात्रों सहित स्कूल शिक्षकों को भी बधाई दी।

बीआर ग्लोबल स्कूल का परिणाम रहा शानदार

गन्नौर। खेड़ी रोड स्थित बीआर ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में रोजी ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। 15 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा बारहवीं में खुशी ने 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। 15 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्रापत व 52 प्रतिशत छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

खबर संक्षेप

स्कूटी सवार दादा और पोती घायल, 5 वर्षीय बच्चे की मौत

गोहाना। शहर में जींद रोड स्थित रेलवे फ्लाईओवर पर पीछे से तेज रफ्तार हाइड्रा ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी पर सवार पांच साल के बच्चे की मौत हो गई जबकि उसका दादा व चचेरी बहन घायल हो गए। नई अनाज मंडी के निकट किसान कालोनी में रहने वाले महाबीर ने पुलिस को बताया कि उसके दो बेटे हैं। सोमवार देर शाम को वह उसका पोता सोहेब पुत्र नसीब व रितिका पुत्री संजू के साथ स्कूटी पर पुराना बस स्टैंड पर दूध लेने जा रहा था। जब वे जींद रोड स्थित रेलवे के फ्लाईओवर से शहर की तरफ उतरने लगे तो पीछे से तेज रफ्तार में हाइड्रा आई। चालक उसे तेज गति व लापरवाही से चला रहा था और स्कूटी को टक्कर मारी। वे तीनों रोड पर गिर गए। इसके बाद चालक ने हाइड्रा को उसके पोते पर चढ़ा दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सोहेब को भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज में मृत घोषित कर दिया।

युवक से रुपये व फोन छीनने का आरोप

सोनीपत। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मुरथल रोड पर युवक से मारपीट करने व उसे बातों में उलझाकर मोबाइल फोन व नकदी के छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। उत्तर प्रदेश के खीरी के निवासी भूपेंद्र ने बताया कि वह मुरथल में किराए पर रहता है। उसका भाई शहर में रह रहा है। वह सोमवार को अपने भाई से मिलने के लिए आया था। वापस लौटते वक्त मुरथल अड्डा पर ऑटो का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान तीन-चार युवक उसके पास आए। उससे बातचीत करने लगे। बातों में उलझा कर उसे गली में ले गए। उसने शोर मचाया तो आरोपित उसका मोबाइल और 550 रुपये छीन ले गए।

कमरे का ताला तोड़कर रुपये और सामान चोरी

सोनीपत। मोहाना थाना क्षेत्र के गांव बादशाहपुर माच्छरी में स्थित कमरे का ताला तोड़कर हजारों रुपये की राशि व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। गांव बादशाहपुर माच्छरी निवासी शोकिन ने बताया कि उसने अपने मकान पर किराए के लिए कमरे बना रखे हैं। गत आठ मई को कमरों में रहने वाले लोग ताले लगाकर काम पर चले गए। उसके पास छोटे लाल नाम के व्यक्ति का फोन आया कि किसी ने उसके कमरे का ताला तोड़कर दस हजार रुपये की राशि, अलमारी से मिक्सी, प्रेस सहित अन्य सामान को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

जटोला गांव के खेतों से सोलर पैनल चुराया

खरखौदा। जटोला गांव के खेतों से चोर सोलर पैनल का सामान चोरी कर ले गए। शिकायत पर सैदपुर चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। किसान अमित का कहना है कि उसने अपने खेतों में 10 किलो वाट का सोलर पैनल लगाया हुआ है। आठ मई को वह जब खेतों में गया तो पैनल ठीक से लगा हुआ था, लेकिन दस मई को जब वह खेत में पहुंचा तो पाया कि सोलर पैनल पर लगी दस मीटर की तार, आठ पाइप व एक कंट्रोलर पैनल चोरी है।

तार चोरी करने के पांच आरोपित गिरफ्तार

खरखौदा। क्राइम यूनिट खरखौदा की पुलिस टीम ने खेतों में लगे खंभों से एल्युमिनियम की तार चोरी करने की घटना में संलिप्त 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राजन, बंटी व सोनू तीनों निवासी कीर्ति नगर दिल्ली, परमजीत उर्फ़ प्रेम निवासी झज्जर हाल दिल्ली व चन्द्रकेश निवासी लुधियाना, पंजाब के रहने वाले हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गत 5 मई को योगेन्द्र पुत्र गजेन्द्र निवासी देहरादून (उत्तराखंड) ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि वह पिछले 8 साल से आर एस इंफरो प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड में काम करता है। उनकी कम्पनी की तरफ से गांव जाजी से खरखौदा प्रोजेक्ट - ए में 220 किलोवाट बिजली की तार लगाई जा रही थी। लगभग 3 खंभों की 1 किलोमीटर एल्युमिनियम की तार चोरी हो गई।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने घोषित किया 12वीं का परीक्षा परिणाम

87.34 प्रतिशत रहा रिजल्ट, 11 हजार 729 ने दी थी परीक्षा, 10 हजार 244 छात्र पास हुए

कंपार्टमेंट 1,092

अनुत्तीर्ण 393

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा मार्च में आयोजित सीनियर सेकेंडरी (12वीं) परीक्षाओं के सभी श्रेणियों रेगुलर, ओपन स्कूल (फ्रेश व री-अपीयर), व प्राइवेट के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिला सोनीपत ने इन परिणामों में मिश्रित प्रदर्शन करते हुए जहां रेगुलर श्रेणी में शानदार सफलता हासिल की, वहीं ओपन स्कूल के परिणामों ने चिंता की लकीरें भी खींच दी हैं। हालांकि सोनीपत की एक छात्रा ने प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। मूल रूप से भैरा बांकीपुर की रहने वाली करीना ने कॉमर्स संकाय में कुल 495 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान और जिले को टॉप किया है।

रेगुलर परीक्षाओं में सोनीपत ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा। जिले से कुल 11,729 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 10,244 विद्यार्थी सफल घोषित हुए। इस तरह कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 87.34% रहा, जो राज्य के औसत से काफी बेहतर है। यह प्रदर्शन दर्शाता है कि जिले में शैक्षणिक व्यवस्था और छात्रों की मेहनत रंग ला रही है। शिक्षकों व स्कूल प्रबंधन की भूमिका भी प्रशंसनीय रही। वहीं प्राइवेट श्रेणी में भी सोनीपत का प्रदर्शन अच्छा रहा। कुल 215 विद्यार्थियों में से 128 उत्तीर्ण रहे, जिससे जिले का पास प्रतिशत 59.53% दर्ज किया गया। इस श्रेणी में कई ऐसे छात्र शामिल होते हैं जो नौकरी या अन्य कारणों से औपचारिक शिक्षा से दूर रहते हैं, ऐसे में यह परिणाम संतोषजनक माना जा सकता है।

सोनीपत। शिवा शिक्षा सदन में परीक्षा परिणाम के बाद खुशी मनाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा के हब सोनीपत ने 13वें नंबर की लगाई हैट्रिक

शिक्षा के हब के नाम से मशहूर सोनीपत जिला प्रगति के पथ पर अग्रसर है। लेकिन शिक्षा के मामले में विशेषतौर पर हरियाणा बोर्ड की परीक्षाओं के मामले में सोनीपत लगातार तीसरे साल भी अपनी उसी स्थिति पर बना हुआ है। 2023 के बाद 2024 और अब 2025 में भी सोनीपत जिला पास प्रतिशत के मामले में प्रदेश में 13वें नंबर पर ही रहा। हालांकि 2022 में जिला 18वें नंबर पर था।

ऐसा रहा था गत वर्षों का परीक्षा परिणाम

वर्ष	प्रदेश (%)	सोनीपत (%)
2019	74.48	70.77
2020	83.34	71.83
2021	100	100
2022	87.08	87.40
2023	81.85	79.08
2024	85.31	82.70
2025	85.66	87.34

ओपन स्कूल : 524 में से 160 पास

ओपन स्कूल श्रेणी में हालांकि परिणाम कुछ निराशाजनक रहे। फ्रेश श्रेणी में कुल 524 परीक्षार्थियों में से 160 विद्यार्थी पास हुए, जिससे कुल पास प्रतिशत मात्र 30.53% रहा। लड़कियों ने लड़कों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया, जहां उनका पास प्रतिशत 40.94% और लड़कों का 25.50% रहा। री-अपीयर/सीटीपी श्रेणी में जिले का पास प्रतिशत 38.15% रहा, जिसमें लड़कों ने बाजी मारी। इस श्रेणी में 40.68 प्रतिशत लड़के तो 31.46 प्रतिशत लड़कियां ही पास हो पाई।

प्रदेश में दूसरा स्थान पाने पर विधायक ने करीना को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

- बेटी ने साबित किया कि कड़ी मेहनत से लक्ष्य हासिल किया जा सकता : कृष्णा गहलावत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं परीक्षा 2025 में भैरा-बांकीपुर गांव की बेटी करीना द्वारा कॉमर्स संकाय में 495 अंकों के साथ प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल करने पर राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत बेटी को आशीर्वाद देते हुए परिवार के सदस्यों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। विधायक गहलावत ने कहा कि बेटी करीना की सफलता अन्य छात्रों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। बेटी ने साबित किया कि कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि करीना की कहानी उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा है जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत कर रहे है। बेटी ने साबित किया है कि राई हलके के गांव भैरा- बाकीपुर की बेटियां भी किसी से कम नही है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि करीना की इस उपलब्धि से उनके परिवार और गांव का नाम रौशन हुआ है। बेटी पर उन्हें और पूरा विश्वास है कि करीना की सफलता अन्य छात्रों के सपने को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी और यूपीएसई की परीक्षा टापर नम्बरों से पास कर गांव व उनके हलके का नाम रोशन करेगी।

एक राष्ट्र, एक चुनाव से पैसा और समय बचेगा : शेखर



राई। जाखौली मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल को एक चुनाव के समर्थन में सहमति पत्र देते प्रधानाचार्य व शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

गांव खेवड़ा के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि जाखौली मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल ने शिरकत की। प्रधानाचार्य नरेश चन्द्र ने शेखर आंतिल का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल ने एक राष्ट्र एक चुनाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे आर्थिक मजबूती और समय की बचत होगी। उन्होंने लोगों को इस विचार के प्रति जन भावना जागृत करने का आह्वान किया। शेखर आंतिल ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने से वोट प्रतिशत में वृद्धि और प्रशासनिक तंत्र का सही उपयोग होगा। भारत में एक राष्ट्र, एक चुनाव एक साथ कराने की योजना है। ऐसा करने से राजकोष में बचत होगी। विकास कार्यों में रूकावट नही होगी, कालेधन पर लगाम लगेगी। यह योजना समस्त राष्ट्र के हिम में कार्य करेगी। इस मौके पर सुरेन्द्र महला, समुन्द्र सिंह, सोमबीर, विरेन्द्र, सविता आंतिल, प्रीति, सीमा, बबली, कविता, आशा, पुनम दहिया मौजूद थे।

सीबीएसई का परिणाम

10 वीं और 12वीं के 19 हजार 200 ने मनवाया लोहा

सोनीपत। मंगलवार को पहले तो हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा का परिणाम जारी किया। इसके कुछ देर बाद ही केंद्रीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने भी 12वीं कक्षा का परिणाम जारी कर दिया। अभी लोग इन दो कक्षाओं के परिणाम जानने में ही जुटे हुए थे कि दोपहर बाद सीबीएसई ने 10 वीं कक्षा का परिणाम भी जारी कर दिया। जिसमें विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित करने की पहले ही घोषणा कर दी थी, जिसको लेकर स्कूलों व विद्यार्थियों में परिणाम को लेकर उत्सकुता बनी रही। 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम दोपहर 12 बजे से पहले और 10वीं कक्षा का परिणाम दोपहर एक बजे के बाद घोषित किया गया। 12वीं कक्षा के सभी संकायों और 10वीं कक्षा के परिणाम में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूलों में टॉपर करने वाले अधिकतर विद्यार्थियों ने कहा कि उन्होंने सोशल नेटवर्किंग से दूरी बनाकर रखी और स्कूल समय के अलावा छह से सात घंटे तक पढ़ाई की। लक्ष्य निर्धारित कर की गई तैयारी से उन्हें शानदार सफलता मिली है। सीबीएसई के जिला कोर्डिनेटर प्रेम कुमार ओझा ने बताया कि जिले में 10वीं कक्षा के करीब 10700 विद्यार्थियों और 12वीं कक्षा के करीब 8500 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। मंगलवार को जारी किए गए परीक्षा परिणाम में दोनों कक्षाओं का परिणाम शानदार रहा है।

विरोध : हरियाणा पंचायती राज का पुतला कंधे पर रखकर गले में बांधी रस्सी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला पार्षद संजय बड़वासनी ने साथी पार्षदों के साथ लघु सचिवालय में हरियाणा पंचायती राज का पुतला अपने कंधे पर रखकर गले में रस्सी बांधकर प्रदर्शन किया। धरना स्थल से एडीसी कार्यालय के गेट तक पुतला लेकर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने गेट बंद करके जिला पार्षद को रोककर पुतला बैठक में ले जाने से मना कर दिया। इसके बाद पार्षद ने कार्यालय के दीवार के साथ तारों पर ही पुतला टांग दिया। जिला पार्षद संजय बड़वासनी ने गांवों के विकास के लिए जिला प्लान कमेटी (डीपीसी) का गठन करने की मांग की। उनका कहना था कि कांग्रेस सरकार में जिला पार्षदों को गांवों के विकास के लिए हर साल अलग से 10-10 लाख रुपये दिए जाते थे। कई वर्ष से वह लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने सांसदों, विधायक व सरपंचों की तर्ज पर पेंशन उपलब्ध करवाने की भी मांग रखी। इसके अतिरिक्त वार्ड के प्रत्येक निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पार्षदों को कार्यकारी शक्तियां भी दी जानी चाहिए। जिससे सभी कार्य बेहतर गुणवत्ता से करवाए जा सके। जिला पार्षद ने डी प्लान के तहत भी पार्षदों का कोटा सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पंचायती राज की सबसे बड़ी कड़ी जिला परिषद को लगातार कमजोर किया जा रहा है।

सोनीपत। सिर पर पुतला रखकर विरोध जताते हुए जिला पार्षद संजय बड़वासनिया।

10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल ने तोड़ा रिकॉर्ड, विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

परीक्षा परिणाम की घोषणा होते ही विद्यार्थियों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने असीम सफलता प्राप्त की व पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए नए शिखर को छुआ। सूरज स्कूल निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में नॉन मेडिकल संकाय से होनहार छात्र इरफान खान पुत्र शबिर मोहम्मद ने 97.6 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में योगेश रोहिल्ला पुत्र राजेश कुमार ने 97.2, उषा पुत्री अनुप सिंह ने 97.0, खुशी पुत्री लक्ष्मण ने 97.0, खुशी पुत्री जोगेंद्र ने 97.0, वंशिका पुत्री हितेश चौहान ने 96.8, साक्षी पुत्री देवेंद्र यादव ने 96.8, खुशी पुत्री सुनील कुमार ने 96.8, अमृता चौरसिया पुत्री अनिल चौरसिया ने 96.8, आशना पुत्री अनिल कुमार ने 96.4, प्रतिभा पुत्री सुनील कुमार ने 96.0, खुशबू यादव पुत्री मुकेश कुमार ने 95.8, प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय की टॉप-10 सूची में नाम दर्ज करवाया। इसी के साथ कक्षा 10वीं के घोषित परिणाम में छात्र यश अग्रवाल ने 99.0 प्रतिशत अंक साथ विद्यालय में टॉप किया। इसी क्रम में छात्र अंशिका यादव ने 98.6, मानसी ने 98.4, आदि ने 98.4, अर्पित राज पाठक ने 98.2, यशु ने 98.2, हरीश ने 98.2, कार्तिक कुमार ने 97.4, पलक यादव ने 97.2, इशिका श्रीवास्तव ने 97, लक्षिता ने 96.6, रितिका ने 96.6, रजत शर्मा ने 96.4, मोहित यादव ने 96.4, शुभम ने 96.2, अंजलि यादव ने 96, रूपेश नरुका ने 95.8 आदि विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक से परीक्षा उत्तीर्ण की। जैसे ही परिणाम की घोषणा हुई विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

मेयर ने ली सफाई निरीक्षक, ठेकेदार एवं सुपरवाइजर की बैठक

हर शनिवार चलाएंगे स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा ताकि सफाई कार्य सुचारु रूप से हो सके। इसके साथ ही 20 जून से पहले नालों एवं सेक्टर में रेन वाटर लाइन की सफाई भी सुचारु रूप से की जाये ताकि जलभराव की समस्या ना हो।

मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में सह आयुक्त नरेश कुमार की अध्यक्षता में मुख्य सफाई निरीक्षक, सफाई निरीक्षक, सफाई ठेकेदार, कंपनी के सभी सुपरवाइजर की आयोजित बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बाजारों में रात को होने वाला सफाई का कार्य अब शनिवार को हुआ करेगा ताकि रविवार को बाजारों में गंदगी दिखाई ना दे। राजीव जैन ने यह भी कहा कि नालों की सफाई करने के बाद स्लैब जरूर ढकी जाये ताकि कोई हादसा ना हो और निकाली गई गाद एक दिन के बाद उठाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि सेक्टरों में रेन वाटर की नालियों एवं जालियों की सफाई भी अच्छी तरह से की जाये तथा रेन वाटर जालियों के पास लगे छोटे पौधे एवं घास भी साफ की जाये। मेयर जैन ने सभी नालों की टूटी हुई स्लैब की भी सूचि बनाने को कहा ताकि बरसात से पहले उन्हें ढका जा सके। राजीव जैन ने कहा कि आप सभी भी इसी शहर के वासी हो इसलिए नौकरी की बजाये अपना शहर मानकर स्वच्छता पर गंभीरता से ध्यान दो। राजीव जैन ने ठेकेदारों को सफाई उपकरण समय पर उपलब्ध करवाने के भी आदेश दिए।

सोनीपत। बैठक में उपस्थित अधिकारी साथ में मेयर एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

लाखों की ठगी करने का आरोपित गिरफ्तार

गोहाना। थाना सदर गोहाना की पुलिस ने पति को विदेश भिजवाने का झांसा देकर पत्नी से लाखों रुपये की ठगी में आरोपित करनाल में आनंद विहार के पंकज को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। 14 दिसम्बर 2023 को महिला ने पुलिस को शिकायत दी थी कि सोनीपत में छोटूराम कालोनी का रोहित उनके घर आया और कहा कि वह उसके पति मुकेश को अमेरिका भिजवा देगा, जिसके लिए 25 लाख रुपये मांगे। पासपोर्ट बनवाने पर एडवांस में रुपये लिए। चार लाख रुपये करनाल के रविंद्र के खाते में डलवाए। उसके बाद ओर रुपये देने के बाद उसके पति को दुबई भेज दिया। आरोपित बीच-बीच में रुपये लेते हुए और उसके पति को दूसरे देशों में भेजते रहे। आरोपित पंकज उसे कंबोडिया छोड़ कर भाग गया। बाद में मुकेश घर आया तो आरोपितों ने उसे नकली वीजा व नकली टिकट देकर और रुपये ऐंठ लिए।

योगासन प्रतियोगिता में 13 खिलाड़ियों ने जीते पदक

सोनीपत। पलवल में 10 से 12 मई तक आयोजित हुई अखिल भारतीय योगासन प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीसवांमील में चल रही योगा खेल नर्सरी के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें 13 खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किये। मंगलवार को विद्यालय पहुंचने पर सभी खिलाड़ियों, कोच साहिल कुमार व आचार्य प्रवीण कुमार का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र खपरा ने बताया कि बीसवांमील विद्यालय की योग की टीम के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिछले 10 साल से लगातार पदक प्राप्त कर रहे हैं। जिसमें से कई खिलाड़ी अब विद्यालय पास करने के बाद योगा कोच के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विद्यालय में योग को सरकार ने विषय के रूप में लागू किया हुआ है यहां कक्षा 11व 12 के विद्यार्थी योग को एनएसक्यूएफ के तहत कौशल शिक्षा के रूप में पढ़ रहे हैं। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य डॉ. विकास शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर रविंद्र मलिक, अरुण शर्मा, दीपिका शर्मा, अनिल कुमारी, जसवीर सिंह, राजेश, प्रवीण कुमार, सुमेर सिंह, संदीप अहलावत, सुशील मौजूद रहे।